Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०

Allahabad State University, Allahabad, U.P.

पत्रांकः इ०रा०वि०वि० / कु०स०का० / 751 / 2017 दिनांक 21 अगस्त, 2017

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद।

विषय : विश्वविद्यालय की व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जुलाई–2017 की उत्तर पुस्तिकाओं के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय की व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जुलाई–2017 का मूल्यांकन कार्य निम्नांकित कार्यक्र म के अनुसार विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर में प्रारम्भ होना है।

दिनांक 21.08.2017 – बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं एम0एड्0
दिनांक 23.08.2017 – बी0एस0सी0–कृषि

अतएव् यह अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में कार्यरत् शिक्षकों को (स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों हेतु न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव आवश्यक) मूल्यांकन कार्य हेतु कार्यमुक्त का कष्ट करें। महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षक निम्नांकित पत्रजातों के साथ मूल्यांकन कार्य में उपस्थित होंगे।

1. बैंक का नाम, पूरा पता, खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड।
2. पैनकार्ड की छायाप्रति।
3. नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (शिक्षक कोड हेतु)।
4. अनुमोदन पत्र, नियुक्ति पत्र की छायाप्रति (स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु)
5. विगत् 6 माह का वेतन के प्रमाणन हेतु पासबुक की प्रमाणित छायाप्रति (स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु)।
6. महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मूल्यांकन कार्य हेतु अग्रसारित पत्र (स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु)।
7. अनुभव प्रमाण–पत्र प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित (स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु)।

नोट :1. क्रमांक 4 से 7 तक उल्लिखित अभिलेख / प्रपत्र केवल स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए अनिवार्य है।
2. शेष विषयों के मूल्यांकन कार्यक्रम यथाशीध्र घोषित किए जाएंगे।

डॉ0 (साहब लाल मौर्य)
कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य समन्वयक / समन्वयक (प्रशासनिक भवन मूल्यांकन केन्द्र)
2. वित्त अधिकारी, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
3. उपकुलसचिव, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
4. निजी सचिव कुलपति को, कुलपति जी के सूचनार्थ।

डॉ0 (साहब लाल मौर्य)
कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक